# भागीरथी बाल शिक्षा सदन सेकेन्डरी स्कूल



## इतिहास

### पाठ-01 शीर्षक - 'यूरोप में राष्ट्रवाद'

**यूरोप में राष्ट्रवाद के लिए उत्तरदायी कारक**

- नए मध्यम वर्ग का उदय
- उदारवाद के आदर्शों का फैलना
- नया रूढ़िवाद और वियना संधि
- क्रान्तिकारियों का उदय

**'क्रान्तियों का युग'**

- रूमानी कल्पना
- संगीत और भाषा के द्वारा राष्ट्रवाद
- भूख, कठिनाई और जन-विद्रोह
- क्रान्ति का आरम्भ
- 1845 में बुनकरों में विद्रोह
- राजा का गद्दी छोड़ना

**इटली के एकीकरण में शामिल प्रसिद्ध व्यक्ति**

- ज्युसेपे मेत्सिनी
  - उसके दो बनाए गए गुप्त संगठन
    - यंग इंडिया (मार्सेल्स में)
    - यंग यूरोप (बर्न में)
- काउंट कैमिलो द कावूर
  - उनकी दो उपलब्धियाँ
    - पीडमाण्ट के प्रधानमंत्री
    - आस्ट्रियाई सेना को हराया
- ज्युसेपे गैरीबाल्डी
  - इटली का एकीकरण
  - दो दुनिया का हीरो

Scanned with CamScanner

## पाठ से संबंधित महत्वपूर्ण पारिभाषिक शब्द



1. **निरंकुशवाद** - ऐसी सरकार या शासन व्यवस्था जिनकी सत्ता पर किसी भी प्रकार का अंकुश न हो तो ऐसी व्यवस्था को ही - निरंकुशवाद कहा जाता है ऐसी सरकारें सैन्य - बल पर आधारित और दमनकारी होती हैं।

2. **कल्पनादर्श** - एक ऐसे समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है कि उसका बनना लगभग असंभव है।

3. **जनमत संग्रह** - एक प्रत्यक्ष मतदान जिसके जरिए क्षेत्र के सभी लोगों से एक प्रस्ताव को स्वीकार करने या अस्वीकार करने के लिए पूछा जाता है।

4. **रूढ़िवाद** - ऐसा राजनीतिक दर्शन जो परम्परा, स्थापित संस्थानों और रिवाजों पर जोर देता है और तेज बदलावों की बजाय क्रमिक तथा धीरे-धीरे विकास को प्राथमिकता देता है।

5. **नारीवाद** - स्त्री-पुरुष की सामाजिक-आर्थिक एवम राजनीतिक समानता की सोच पर आधारित महिलाओं के अधिकारों और हितों का बोध।

6. **विचारधारा** - एक खास प्रकार की राजनीतिक व वैचारिक दृष्टि को इंगित करने वाले विचारों के समूह को ही विचारधारा कहते हैं।

7. **रूपक** - जब किसी अमूर्त विचार को किसी व्यक्ति या चीज के माध्यम से इंगित किया जाता है तो उसे रूपक या प्रतीक कहते हैं।

8. **राष्ट्र-राज्य** - यह एक ऐसे राज्य की ओर इशारा करता है जिसमें उसके लोगों तथा शासक के साथ एक साधारण परिचय की भावना के साथ विकास करें।

Scanned with CamScanner

# महत्वपूर्ण तिथियाँ और संबंधित घटनाएँ

- 1797 - नेपोलियन का इटली पर हमला
- 1814-1815 - नेपोलियन का पतन : वियना शांति संधि
- 1821 - यूनानी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष प्रारम्भ
- 1859 - इटली का एकीकरण
- 1866 - जर्मनी का एकीकरण
- 1905 - हैब्सबर्ग और ऑटोमन साम्राज्य से स्लाव राष्ट्रवाद का मजबूत होना।

## → महत्वपूर्ण रूपक

(i) मारियान

(क) मारियान, फ्रांसीसी राष्ट्र का प्रतीक था।

(ii) जर्मेनिया

(क) जर्मेनिया जर्मन राष्ट्र का रूपक या प्रतीक था।

इन दोनों प्रतीक चिन्हो ने राष्ट्र राज्य के विचार को प्रतीकात्मक रूप प्रदान किया, ये राष्ट्र के अमूर्त विचार को ठोस रूप प्रदान करने का एक प्रयास था।

## → प्रतीकों के अर्थ

1. टूटी हुई बेड़ियाँ - आजादी मिलना
2. बाज- छाप कवच - जर्मन साम्राज्य की प्रतीक-शक्ति
3. बलूत पत्तियों का मुकुट - बहादुरी
4. तलवार पर लिपटी जैतून की बेल - शांति की चाह

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :

**1 अंक वाले प्रश्न**

**प्रश्न 1. नेपोलियन ने इटली पर आक्रमण कब किया ?**

उत्तर— 1797 में।

**प्रश्न 2. एक राजनीतिक दर्शन जिसने परंपराओं के महत्व पर बल दिया, संस्थाओं की स्थापना की और रिवाजों को निर्देशित किया। उसे ________ कहा जाता है।**

उत्तर— संरक्षण।

**प्रश्न 3. यूरोपीय शक्तियों के प्रतिनिधि ________ ने एक साथ मिलकर नेपोलियन को हराया था।**

उत्तर— ब्रिटेन, रूस और प्रशिया तथा ऑस्ट्रिया।

**प्रश्न 4. ज्यूसेपे मेत्सिनी कौन था ?**

उत्तर— इटली का क्रांतिकारी।

**प्रश्न 5. भूमिगत संगठनों विशेषकर 'यंग इटली मार्सेई में तथा यंग यूरोप बर्न में' का संस्थापक कौन था ?**

उत्तर— ज्यूसेपे मेत्सिनी।

**प्रश्न 6. जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का जनक कौन था ?**

उत्तर— ऑटो वॉन बिस्मार्क।

**प्रश्न 7. 'एक्ट ऑफ यूनियन' के स्कॉटलैंड पर क्या प्रभाव पड़े ?**

उत्तर— (क) यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन का गठन हुआ। (ख) ब्रितानी संसद में ऑग्ल सदस्यों का दबदबा रहा। (ग) स्कॉटलैंड की विशेष संस्कृति और राजनीतिक संस्थानों को योजनाबद्ध तरीके से दबाया गया।

**प्रश्न 8. फ्रांस की नारी रूपक मारीआन की क्या विशेषताएँ थीं ?**

उत्तर— लाल टोपी, तिरंगा और कलगी।

**प्रश्न 9. बाल्कन क्षेत्र के निवासियों को ________ कहकर जाना जाता था।**

उत्तर— स्लाव।

**प्रश्न 10. उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में, यूरोपीय शक्तियों के बीच ________ के लिए गहरी प्रतिस्पर्धा थी।**

उत्तर— व्यापार, उपनिवेश और नौसेनिक एवं सैन्यशक्ति।

**प्रश्न 11. फ्रांसीसी क्रांतिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ?** **[CBSE 2015]**

*अथवा*

**यूरोप में फ्रांसीसियों की क्रांति से राजनीतिक और संवैधानिक क्या फेर-बदल हुआ ?** **[CBSE (Delhi) 2015]**

उत्तर— फ्रांसीसी क्रांतिकारियों का मुख्य उद्देश्य था—साम्राज्यवाद को जनतंत्र में बदलना।

**प्रश्न 12. 1847 में जर्मनी का राजा किसे घोषित किया गया ?** **[CBSE 2016]**

उत्तर— प्रशा के काइज़र, विलियम प्रथम को।

**प्रश्न 13. "जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।" यह टिप्पणी किसने की थी ?** HOTS (विशेषण और मूल्यांकन) **[CBSE (Outside) 2016]**

उत्तर— मैटरनिख।

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 14. 1832 में किस संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता दी ?** **[CBSE (Delhi) 2016]**

**उत्तर—** कुस्तुनतुनिया की संधि।

**प्रश्न 15. 1815 के बाद क्रांतिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ?** **[CBSE (Delhi) 2016]**

**उत्तर—** राष्ट्र राज्य का निर्माण करना।

**प्रश्न 16. उस घटना का नाम बताइए जिसने पूरे यूरोप में 1830-1848 में राष्ट्रवादी भावना का संचार किया।** **[CBSE (Delhi) 2016]**

**उत्तर—** यूनान की स्वतंत्रता की लड़ाई।

**लघु उत्तरीय प्रश्न :** **3 अंक वाले प्रश्न** ***(उत्तर 80 शब्दों से अधिक न हों)***

**प्रश्न 1. यूरोपीय महाद्वीप में शक्तिशाली अभिजात वर्ग की मुख्य विशेषताएँ क्या थीं ?**

**उत्तर—** यूरोपीय महाद्वीप में कुलीन वर्ग की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :

(क) इस वर्ग के सदस्य एक साझा जीवन शैली में बँधे हुए थे जो क्षेत्रीय विभाजनों के आर-पार व्याप्त थी।

(ख) वे राजनीतिक कार्यों के लिए तथा उच्च वर्गों के बीच फ्रेंच भाषा का प्रयोग करते थे।

(ग) उनके परिवार अकसर वैवाहिक बंधनों से बँधे होते थे।

**प्रश्न 2. क्या अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में यूरोप में कोई सामाजिक परिवर्तन हुआ था ? यदि हाँ, तो कैसे ?**

**उत्तर—** हाँ, यह परिवर्तन निम्न प्रकार से हुआ था :

(क) अठारहवीं तथा उन्नीसवीं शताब्दी में पहले यूरोप में सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रों में कुलीन वर्ग का प्रभुत्व था। वे बड़े-बड़े भू-खंडों के मालिक थे, वे अनाज उगाते थे, लेकिन अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में यूरोप में औद्योगीकरण हुआ। औद्योगीकरण के कारण एक शक्तिशाली मध्यम वर्ग और उस ही के समान शक्तिशाली श्रमिक वर्ग भी अस्तित्व में आया।

(ख) इस प्रकार सामाजिक प्रभुत्व कुलीन वर्ग से यूरोप के मध्यम वर्ग की ओर चला गया। यूरोप में यह सामाजिक परिवर्तन का काल था।

**प्रश्न 3. यूरोपियन राष्ट्रवादी आंदोलन ने उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक अपनी अंतर्राष्ट्रीयता कैसे खो दी ?**

**HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)**

**उत्तर—** (क) इसका कारण यह है कि वे अधिक रूढ़िवादी और प्रतियोगितावादी हो गए थे। प्रथम विश्व युद्ध प्रारंभ होने के साथ ही इनकी उदारवादी गहनता और राष्ट्रवादी आंदोलनों की संकीर्णता समाप्त हो गई थी।

(ख) दो विश्व युद्धों के बीच रूढ़िवादी प्रवृत्ति बढ़ती गई विशेषत: इटली और जर्मनी में।

(ग) वह आंदोलन जो वास्तव में विश्ववादी था उसने राष्ट्रीय रूप ले लिया। मार्क्स के अनुसार—"विश्व के श्रमिकों ने स्टालिन के समाजवाद को जन्म दिया" जो रूस के राष्ट्रीय हितों में प्रयोग किया गया, यह अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन के परस्पर विरोध में था।

**प्रश्न 4. वियना संधि क्या थी ?**

**उत्तर—** (क) 1815 में यूरोपियन शक्तियों—ब्रिटेन, रूस, पर्शिया और ऑस्ट्रिया जिन्होंने मिलकर नेपोलियन को हराया था—के प्रतिनिधि वियना में यूरोप के लिए समझौते का प्रारूप बनाने के लिए एकत्रित हुए।

Scanned with CamScanner

(ख) इस सम्मेलन (Congress) की मेज़बानी ऑस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मैटरनिख ने की। इसमें प्रतिनिधियों ने 1815 की वियना संधि तैयार की जिसमें कई सारे बदलावों को खत्म कर दिया गया जो नेपोलियाई युद्धों के दौरान हुए थे।

**प्रश्न 5. बिस्मार्क ने किस नीति का अनुसरण किया ? वह ऑस्ट्रिया को जर्मन महासंघ से बाहर निकालने में कैसे सफल हुआ ?**

**उत्तर—** (क) बिस्मार्क ने युद्धनीति का अनुसरण किया। इसे 'रक्त और लौह की नीति' भी कहा जाता था। बिस्मार्क की नीति का मुख्य उद्देश्य था ऑस्ट्रिया को जर्मन महासंघ से बाहर निकालना। बिस्मार्क ने पहले डेनमार्क के विरुद्ध श्लेस्विग और होलस्टीन के स्वामित्व के विषय को लेकर, ऑस्ट्रिया के साथ संधि की।

(ख) डेनमार्क की युद्ध में हार के बाद, बिस्मार्क ने ऑस्ट्रिया के विरुद्ध इटली के साथ समझौता किया। इस प्रकार ऑस्ट्रिया हार गया और जर्मन महासंघ से बाहर हो गया।

**प्रश्न 6. अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में जर्मनी और फ्रांस ने राष्ट्रों की किस रूप में कल्पना की ?**

**उत्तर—** (क) अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में कलाकारों ने दोनों राष्ट्र को नारी के रूप में प्रस्तुत किया। राष्ट्र को व्यक्ति का रूप देते हुए जिस नारी रूप को चुना गया वह असल जीवन में कोई खास महिला नहीं थी। यह राष्ट्र के अमूर्त विचार को ठोस रूप प्रदान करने का प्रयास था। इस प्रकार नारी की छवि राष्ट्र का रूपक बन गई।

(ख) फ्रांस में उसे एक लोकप्रिय ईसाई नाम मारीआन दिया गया और जर्मनी में जर्मेनिया। जर्मेनिया बलूत वृक्ष के पत्तों का मुकुट पहनती है। क्योंकि जर्मन बलूत वीरता का प्रतीक है। मारीआन के चिह्न स्वतंत्रता और गणतंत्र के थे—लाल टोपी, तिरंगा और कलगी।

**प्रश्न 7. 18वीं शताब्दी में रूमानीवाद ने एक खास तरह की राष्ट्रीय भावना का विकास कैसे किया ? व्याख्या कीजिए।** **HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)**

**उत्तर—** (क) रूमानीवाद एक ऐसा सांस्कृतिक आंदोलन था जो एक खास तरह की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था।

(ख) आमतौर पर रूमानी कलाकारों और कवियों ने तर्क-वितर्क और विज्ञान के महिमामंडन की आलोचना की और उसकी जगह भावनाओं, अंतर्दृष्टि और रहस्यवादी भावनाओं पर ज़ोर दिया।

(ग) उनका प्रयास था कि एक साझा सामूहिक विरासत की अनुभूति उत्पन्न की जाए।

**प्रश्न 8. यूरोप में उभरते कुलीन वर्ग की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर—** (क) इस वर्ग के सदस्य एक साझा जीवन शैली में बँधे हुए थे जो क्षेत्रीय विभाजनों के आर-पार व्याप्त थी।

(ख) वे ग्रामीण इलाकों में जायदाद और शहरी हवेलियों के मालिक थे।

(ग) यह शक्तिशाली कुलीन वर्ग संख्या के लिहाज़ से एक छोटा समूह था। जनसंख्या के अधिकांश लोग कृषक थे।

**प्रश्न 9. आर्थिक पहलू से उदारवादी राष्ट्रीयता के चार विचारों का उल्लेख कीजिए।** ***[CBSE 2012]***

**उत्तर—** (क) इस व्यवस्था में उदारवाद का अर्थ है 'बाज़ार की स्वतंत्रता'।

(ख) अनेक मुद्राओं के चलन को हटाने का पक्ष लिया गया।

(ग) एकीकृत आर्थिक क्षेत्र बनाया गया।

(घ) एक सामान्य नाप-तौल की व्यवस्था का समर्थन किया गया।

Scanned with CamScanner